# Class 4 – Hindi

# Quiz Abhyaas (31 July 2021 – 6 August 2021)

**Student Name: ________________; School Code: __________________; Class: ___________**

प्र 1. सही व्यंजन के साथ खाली स्थान भरें: गाय का एक छोटा 'ब _ड़ा' है।

1. च  2. छ  3. क्ष  4. झ

प्र 2. 'उजाला' का उल्टा क्या होता है?

1. अंधेरा  2. काला  3. डरावना  4. रात

अक्सर समाचार पत्र या टीवी पर तूफान शब्द के बारे में देखने या सुनने को मिलता है। तूफान वास्तव में तेज़ हवाएँ हैं। इनके साथ-साथ बारिश, बिजली आदि भी आते हैं। तूफान के कारण बहुत नुकसान होता है। तूफान जमीन के साथ-साथ समुद्रों में भी आते हैं। जमीन पर आने तूफान को आँधी कहते हैं। समुद्री तूफान बहुत खतरनाक होते हैं। ये बहुत तबाही मचाते हैं। राजस्थान में रेतीले तूफान आते हैं। तूफान चाहे जहाँ भी आयें वे नुकसान ही पहुँचाते हैं।

प्र 3. तूफान क्या होते हैं?

1. बिजली का गरजना  2. तेज बारिश  3. तेज हवाएँ  4. बरसात में चलने वाली हवाएँ

प्र 4. कौन से तूफान ज्यादा खतरनाक होते हैं?

1. जमीनी तूफान  2. समुद्री तूफान  3. रेतीले तूफान  4. उपरोक्त सभी

प्र 5. दिये गए गद्यान्श के आधार पर क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं?

1. बरसात और बिजली गरजने से तूफान आते हैं।  2. रेतीले तूफान सबसे कम खतरनाक होते हैं।
3. केवल समुद्री तूफान तबाही मचाते हैं।  4. तीनों ही तूफान नुकसान पहुँचाते हैं।

प्र 6. आम के पेड़ पर कोयल _________।

1. कूक रही थी  2. चहचहा रही थी  3. चीख रही थी  4. बांग दे रही थी

प्र 7. 'पौधा' शब्द के अनेक शब्द की पहचान कीजिए।

1. पेड़ 2. वृक्ष 3. पौधे 4. वन

एक सुहावने शनिवार को, हमारी अध्यापिका हमें पिकनिक के लिए स्कूल के पास एक पार्क में ले गई। हम अपने साथ खाना व नाश्ता लेकर गए थे।

हमने पार्क में बहुत सारे खेल खेले। दोपहर में हमने एक साथ बैठकर भोजन किया। उसके बाद, अध्यापिका ने हमें प्यारी कहानियाँ सुनाई।

शाम में बस आई और हम सब वापस स्कूल आ गए। मुझे अपनी स्कूल पिकनिक के दौरान बहुत मज़ा आया।




प्र 8. बच्चों को पिकनिक के लिए कौन ले गया?

1. अध्यापिका 2. स्कूल बस 3. कुछ बच्चे 4. बस ड्राइवर

प्र 9. पिकनिक के दौरान इनमें से कौन सी घटना नहीं हुई?

1. बच्चों ने खेल खेले। 2. अध्यापिका ने कहानियाँ सुनाई।
3. सभी ने एक साथ भोजन किया। 4. बच्चे आपस में लड़ रहे थे।

प्र 10. दोपहर के भोजन से पहले क्या हुआ?

1. बच्चे वापस स्कूल चले गए। 2. अध्यापिका ने कहानियाँ सुनाई।
3. बच्चों ने खेल खेले। 4. बस ड्राइवर ने गाने बजाए।

प्र 11. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द की पहचान कीजिए।

1. रात्री 2. निरासा 3. समूहिक 4. साहित्य

प्र 12. मेरी माँ खेत में काम ________।

1. करता है। 2. करती है। 3. करते हैं। 4. कर रहे हैं।

बहुत पहले एक राजा था। उसके राज्य में सभी खुश थे। कुछ सालों बाद वह राजकाज से ऊब गया। उसने सब कुछ छोड़कर सन्यासी बनने की सोची। उसने यह बात अपने परिवार को बताई तो सभी ने मना कर दिया। फिर वह एक सन्यासी के पास उनके आश्रम गया और उसने अपने मन की बात सन्यासी को बताई। सन्यासी ने कुछ दिनों के लिए उसे आश्रम में ही रुकने को कहा। दो दिनों में ही सादा भोजन और बिना किसी सुख-सुविधा के राजा की हालत खराब हो गयी। अगले दिन सन्यासी राजा के पास आये। राजा देखते ही सन्यासी के पैर पकड़ कर बोला महाराज मुझे सन्यासी नहीं बनना। और वह तुरंत वापस अपने राजमहल लौट गया। उसने दोबारा सन्यासी बनने के बारे में कभी भी बात नहीं की।

प्र 13. राजा सन्यासी क्यों बनना चाहता था?

1. उसके परिवार वाले उसे प्यार नहीं करते थे।
2. उसे सन्यासी पसंद थे।
3. वह राज करते करते ऊब गया था।
4. उसके राज्य में सभी सुखी थे।

प्र 14. राजा आश्रम में कितने दिन रहा?

1. दो दिन
2. तीन दिन
3. चार दिन
4. पाँच दिन

प्र 15. राजा ने सन्यासी बनने का विचार क्यों त्याग दिया?

1. उसके परिवार वालों ने मना कर दिया था।
2. वह सुख सुविधाओं के बिना नहीं रह सकता था।
3. उसे अपने परिवार की याद आ रही थी।
4. उसके बिना लोग दुखी हो गए थे।

प्र 16. सही वाक्य चुनें।

1. उन सब मिलकर कल स्कूल साफ करेंगे।
2. मैं सब मिलकर कल स्कूल साफ करेंगे।
3. तुम कल स्कूल साफ करेंगे।
4. हम सब मिलकर कल स्कूल साफ करेंगे।

प्र 17. 'राधा अच्छी लड़की है।' वाक्य में कौन सा विशेषण आया है?

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाण वाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण

प्र 18. देखें, समझें और चुनें।

लड़का - लड़की
मोर - मोरनी
बाघ - बाघिन
शेर - ______

1. शेरिया
2. शेरी
3. शेरनी
4. शेरिन